# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जैव विविधता संरक्षण एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक, झारखंड, रांची

पत्रांक–172(वि वि.) 08-09/364 रांची, दिनांक– 21/5/09

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड,
झारखंड, रांची।

**विषय–** **मै0 जे0 एस0 डब्ल्यू0 स्टील लि0 के अंकुआ सुरक्षित वन, जिला– पं0 सिंहभूम स्थित लौह अयस्क खनन प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में।**

**प्रसंग–** **मै0 जे0 एस0 डब्ल्यू0 स्टील लि0 का पत्र संख्या JSW/JCD/2009/24, दिनांक 06.03.2009**

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि सर्वश्री जे0एस0डब्ल्यू0 ने भारत सरकार, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पत्र संख्या J-11015/1230/2007-1A.II (M), दिनांक 04.09.2008 (छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में अनुरोध किया है कि उनके खनन लीज एरिया के 10 कि0मी0 की दूरी के अंदर यदि कोई नेशनल पार्क, आश्रयणी, गज आरक्ष, हाथी कोरिडोर अथवा इको सेंसिटिव क्षेत्र हो तब उसे नक्शे पर दिखाते हुए भारत सरकार को अवगत कराया जाना है। इस संबंध में प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा लीज एरिया दिखाते हुए 1: 50000 टोपोशीट नक्शा समर्पित किया गया है, जिसकी समीक्षोपरांत अधोहस्ताक्षरी का मंतव्य निम्नवत् है :–

1. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा आवेदित खनन लीज क्षेत्र सिंहभूम गज आरक्ष्य के कोर एरिया में अवस्थित है।
2. खनन लीज क्षेत्र की 10 कि0मी0 की परिधि के अंतर्गत कोई नेशनल पार्क अथवा वन्य प्राणी आश्रयणी अवस्थित नहीं है।
3. नक्शे पर एक गज कोरिडोर को दर्शाया गया है, जिसका नाम अंकुआ–अंबिया कोरिडोर है। झारखंड राज्य में गज कोरीडोर को चिन्हित करने का कार्य एक स्वयंसेवी संस्था "वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली" के द्वारा किया गया है। इस कार्य में झारखंड वन विभाग के द्वारा भी सहयोग किया गया था। उपरोक्त स्वयंसेवी संस्था द्वारा प्रकाशित 'Right of Passage- Elephant Corridors of India' नामक पुस्तक में झारखंड राज्य के कुल 14 गज कॉरीडोर वर्णित हैं तथा इसी सूचना के आधार पर संलग्न नक्शे पर उपरोक्त गज कोरिडोर को दर्शाया गया है। विदित हो कि वन विभाग के द्वारा स्वतंत्र रूप से हाथी कोरिडोर की पहचान कर चिन्हित करने का कार्य नहीं किया गया है।
4. उपरोक्त जानकारी के अनुसार आवेदित खनन क्षेत्र के निकट अन्य कोई हाथी कोरिडोर अवस्थित नहीं है। उपरोक्त कोरिडोर विषयक खनन लीज क्षेत्र की सीमा से लगभग 6 कि0मी0 की दूरी पर अवस्थित है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा समर्पित नक्शे पर वांछित सूचना अंकित कर दो प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। अनुरोध है कि इस सूचना से भारत सरकार को अवगत कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक : यथोक्त**

विश्वासभाजन

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
जैव विविधता संरक्षण एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक,
झारखंड, रांची

01 No. topo sheet received on 27.05.09 Dy. Manager (Projects) JSW steel ltd. Ranchi

As per ED's ordered

28-5-09

D:\NIRAJ\Pccf Lett 2008\Pccf twl\Pccf_ED.doc